# UP से व्यापारिक संबंध मजबूत करेगा फ्रांस:लैपटॉप-टैबलेट के क्षेत्र में निवेश करेगी थॉमस कंप्यूटिंग; वाराणसी में अमृत-एक रोगी डेटा एक्सचेंज बनेगा




फ्रांस की राजधानी पेरिस में हुए रोड शो में डिप्टी CM केशव प्रसाद मौर्य और आईटी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय समेत प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों की टीम। इन्होंने फ्रांस की कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की।

विदेशी निवेशकों को UP व्यापार करने के लिए आमंत्रित करने विदेश यात्रा पर गई टीम योगी का पड़ाव सोमवार को फ्रांस में था। डिप्टी CM केशव प्रसाद मौर्य और आईटी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय के नेतृत्व में प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने फ्रांस की राजधानी पेरिस में फ्रांस के बड़े औद्योगिक घरानों और उनके प्रतिनिधियों से मुलाकात की और उन्हें UP में निवेश के लिए आमंत्रित किया।

फ्रांस की कंपनियों ने भी योगी आदित्यनाथ के संदेश पर खुशी जताते हुए UP में निवेश के जरिए व्यापारिक संबंधों को मजबूती देने पर सहमति जताई।



जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह के नेतृत्व में सिंगापुर पहुंचे प्रतिनिधिमंडल का रोड शो भी बेहद सफल रहा।

**वाराणसी में अमृत- एक रोगी डेटा एक्सचेंज स्थापित होगा**

थॉमस कंप्यूटिंग के सीईओ स्टीफन फ्रांसिस और वाइस प्रेसिडेंट इंटरनेशनल सेल्स पीयरे क्रासोनवस्की ने आईटी से संबंधित लैपटॉप और टैबलेट असेंबलिंग और वितरण के क्षेत्र में निवेश पर उत्सुकता जताई। ईडीएफ रिन्यूएबल्स एंड टोटल एरेन के कंट्री हेड (भारत) से मुलाकात के दौरान उन्हें जीआईएस-2023 में शामिल होने के साथ भारत में रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में निवेश के लिए आमंत्रित किया गया। पार्टेक्स एनवी ने हेल्थकेयर सिस्टम में आई शक्ति का उपयोग करने के लिए वाराणसी में अमृत- एक रोगी डेटा एक्सचेंज स्थापित करने के लिए 1000 करोड़ के निवेश के इंटेंट पर हस्ताक्षर किए।



मुख्यमंत्री ने अपने मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों की 8 टीमों को 18 देशों के भ्रमण पर भेजा है।

**10 से 12 फरवरी को होगा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट**

फ्रांस की कंपनियां प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण, कृषि, डेयरी, नवीनीकरण ऊर्जा, रक्षा और जल यातायात के क्षेत्र में निवेश के लिए इच्छुक नजर आईं। योगी ने प्रदेश को आगामी 5 वर्ष में वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था तक ले जाने का जो प्रण लिया है, उसके तहत 10 से 12 फरवरी के बीच लखनऊ में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से 10 लाख करोड़ का निवेश लाने का लक्ष्य रखा गया है।

इस लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री ने अपने मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों की 8 टीमों को 18 देशों के भ्रमण पर भेजा है। विदेशों में टीम योगी के रोड शो और ट्रेड शो को निवेशकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला है और हजारों करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्रदेश सरकार का उत्साह बें ाने वाले रहे हैं।

**इंडो-फ्रेंच द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने का प्रयास**

फ्रांस की राजधानी पेरिस में हुए रोड शो के अवसर पर डिप्टी CM केशव प्रसाद मौर्य और आईटी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय समेत प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों की टीम ने फ्रांस की कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और उन्हें ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए आमंत्रित किया। बिजनेस फ्रांस के एशिया और पैसिफिक एरिया के कोऑर्डिनेटर जीन फ्रैंकोइस एंब्रेसियो ने डिप्टी CM मौर्य के साथ

मुलाकात के दौरान खाद्य प्रसंस्करण, कृषि और डेयरी के क्षेत्र में साझेदारी के जरिए इंडो-फ्रेंच द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने का आशय जाहिर किया।

प्रतिनिधिमंडल ने इंटरनेशनल कमीशन ऑफ कंफेडरेशन ऑफ एसएमई (सीपीएमई) के प्रमुख एटिने पोइरोट बोर्डिन से भी मुलकात की और रीन्यूएबल एनर्जी, डिफेंस व वॉटर ट्रांसपोर्टेशन जैसे क्षेत्रों में एमएसएमई के अंतर्गत उद्योग लगाने के लिए आमंत्रित किया। एयर लिक्विड ग्रुप के डायरेक्टर मैक्सिम लैंबर्ट और रिस्क मैनेजमेंट वाइस प्रेसीडेंट बरट्रांड मोनोई ने प्रदेश में ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में निवेश की इच्छा जाहिर की और प्रदेश में अपने बिजनेस के विस्तार का भी इरादा जताया।